हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

11 हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार की उठाई जिम्मेदारी



12 दूषित पेयजल की आपूर्ति के विरोध में क्षेत्रवासियों...



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में रोजगार मेला आठ जनवरी को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में आठ जनवरी को 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में एशियन ऑटोमोटिव हरियाणा प्रा लि यूएनओ मिंडा आदि कंपनियां भाग लेंगी।

### दादरी में कांग्रेस का सम्मेलन 11 को

**चरखी दादरी।** 11 जनवरी को शहर के चिड़िया मोड़ के समीप पोरटा होटल में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पूर्व मंत्री एवं दादरी जिला प्रभारी सुभाष गोयल ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान सिंह आदि नेता संबोधित करेंगे।

### डेढ़ दर्जन से अधिक पर हमले का आरोप

**लोहारू।** कस्बे के ढाणी धोलिया कुआं क्षेत्र में स्कूटी सवार पिता व बेटी पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों द्वारा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार वार्ड नं. 11 निवासी दीपक ने बताया कि वह अपनी बेटी को स्कूटी पर बैठाकर कोचिंग सेंटर में छोड़ने जा रहा था, इस दौरान मोहल्ले के ही करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने उन पर हमला बोल दिया।

### आदर्श पुनर्वास केन्द्र में किया सम्मानित



**बवानीखेड़ा।** आदर्श पुनर्वास केंद्र में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शैक्षिक कार्यक्रम का भव्य स्वागत हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण असिसटेंट प्रोफेसर रिंकू कुमार ने शिरकत की व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। खंड बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से विशेष अध्यापिका स्नेहलता पुनिया ने दिव्यांग बच्चों के हितों को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

### चौकीदार को सेवानिवृत्ति पर स्टाफ ने दी विदाई

**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के चौकीदार शीशराम विभाग को करीब 30 वर्ष की सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य डॉ. सुखबीर की अध्यक्षता में स्टाफ सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनकी की लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर सेवानिवृत्त चौकीदार शीशराम की पत्नी विमला देवी पुत्र संदीप व संजय भीमौजूद रहे।

### आखिरी दिन मार्केट बंद करने का फैसला

**बाढ़ड़ा।** झोझू कलां में व्यापारियों ने बाबूलाल धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया महीने के अंतिम दिन कस्बे के बाजार बंद रहेंगे। वहीं व्यापार मंडल के प्रधान सहित दूसरे पदाधिकारियों के चुनाव व सफाई, पानी, लाइट आदि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मंथन किया गया। बैठक कर रहे दुकानदारों ने कहा कि पहले व्यापार मंडल का गठन कर पदाधिकारी चुने गए थे लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद पुरानी कार्यकारिणी सक्रिय नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रकिया के माध्यम से व्यापारियों द्वार दोबारा से प्रधान व्यापार मंडल, सचिव व दूसरे पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर मंथन किया गया है। कस्बे में सफाई की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था,चौकीदार, पानी, सुलभ शौचालय आदि कमी है। इसको दुरुस्त करने के लिए व्यापार मंडल का पुनर्गठन करने का प्रयास होगा।

# ट्रक ड्राइवरों के साथ-साथ निजी बस चालक भी हड़ताल पर रहे

## हिट एंड रन : सड़क पर लेट कर रोकी निजी बसें, नया कानून वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/तोशाम

हिट एंड रन के तहत ट्रक ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानून के खिलाफ एवं ड्राइवरों पर नए नियम थोपने के विरोध में सोमवार को ट्रक चालकों के अलावा निजी बस चालक भी हड़ताल पर रहे। किसी भी निजी बस चालक ने बस को गंत्तव्य तक रवाना नहीं किया। इस दौरान बस स्टैंड से एक दो बस रवाना हुई,लेकिन बस स्टैंड के बाहर अन्य चालकों ने रुकवा दी। इस दौरान चालकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को तोशाम में प्राइवेट बस, ट्रक व अन्य वाहनों के ड्राइवर की हड़ताल के चलते प्राइवेट बसों व ट्रकों का चक्का जाम रहा। हड़ताल के चलते प्राइवेट बस चालक व परिचालक तो बस स्टैंड स्थित पार्क में एकत्रित होकर नारेबाजी करते नजर आए, वहीं ट्रक ड्राइवर व अन्य वाहन चालक सिवानी चुंगी पर स्थित बालाजी धर्म कांटे के नजदीक कड़कडाती ठंड में सुबह से ही धरने पर बैठ गए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

26 दिसंबर को केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में न्याय संहिता बिल पारित किया गया है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि दुर्घटना के समय वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक इलाज के लिए पहुंचाना होगा। अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नहीं पहुंचाया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व 10 लाख रुपये जुर्माना होगा। अगर घायल व्यक्ति की इलाज के बाद भी मृत्यु हो गई तो 7 साल की सजा और 7 लाख का जुर्माना किया जाएगा। जिसको लेकर इस बिल पर देशभर के ड्राइवर बिखरे हुए हैं और जगह-जगह इस बिल का विरोध कर रहे हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को तोशाम के निजी बस चालकों व ट्रक चालकों ने बिल का विरोध करते हुए हड़ताल में अपना समर्थन दिया और तोशाम क्षेत्र में निजी बस व ट्रकों का चक्का जाम रहा। इस दौरान चालकों का कहना था कि अगर चालक घायल व्यक्ति को मानवता के तौर पर अस्पताल में ले जाने की हिम्मत भी करता है तो उसको डर होता है कि वहां मौजूद आक्रोशित जनता उसे जान से न मार दे। वहीं यदि वाहन चालक मौके से भाग कर किसी प्रकार से अपनी जान बचाता है तो उसे अब नए कानून के तहत 10 साल की सजावट 10 लाख रुपये जुर्माना जीते जी मार देगा।





**भिवानी।** निजी बस चलाए जाने के विरोध में सड़क पर लेटा चालक और हिट एंड रन नियम के विरोध में तोशाम में धरने पर बैठे चालक। फोटो : हरिभूमि

### नौकरी छोड़ने को होंगे मजबूर

चालकों का कहना था कि इस नए कानून में मौजूद सजा व जुर्माने के डर से चालक मजबूरी में अपनी नौकरी छोड़ने पर मजबूर होंगे जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। हिट एंड रन के तहत ट्रक ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानून को लेकर ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिए लाया गया नया कानून एक तुगलकी फरमान है। इसमें सरकार को पहले थोड़ा विचार करना चाहिए था।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर निजी बस चालक एवं जिला पार्षद राजा ड्राइवर, काला कुंवारी, जीतू पोलार्ड, दयावीर,प्रवीण धोलिया, काला सांगवान, विनोद किरावड़, बच्ची कुवारी, चींटिया, रमेश बालावास, गोलू कुवारी, विजय सांगवान, विष्णु, विजेंद्र सांगवान,नरेश झांवरी, प्रवीण सांगवान, धोलिया रिवाशा,सुनील, राजपाल दांग, सुनील दांग, ट्रक ड्राइवर प्रदीप पूनिया, संजय जांगड़ा, संजय गुर्जर, राजेश गुर्जर, कुलदीप लखेरा, सलीम खान, श्री भगवान, रोशन लाल, सुरेंद्र , असलम , रामकिशन, बच्ची ड्राइवर आदि अनेक चालक मौजूद थे।

### हिट एंड रन कानून को लेकर चालकों का प्रदर्शन

**चरखी दादरी।** हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने शहर के महेंद्रगढ़ रोड पर जाम लगा दिया। चालकों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। ट्रक चालक विनोद ने बताया कि हाल ही में लागू किया गया हिट एंड रन कानून चालकों के पक्ष में नहीं है। कानून बनने के बाद किसी भी हादसे से चालक को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। चालक पर झूठे आरोप भी लग सकते हैं। चालक वीर भरने कहा कि वह दिन रात कठिन परिश्रम कर खाद्य पदार्थों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते हैं। लाखों यात्रियों का जिम्मा भी उनके कंधे पर होता है। लेकिन यह कानून लागू कर चालकों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# विकसित भारत संकल्प कार्यक्रमों का लोगों को मिल रहा : जांगड़ा



**लोहारू।** लोहारू ग्रामीण क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जिप वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

■ जिला परिषद की वाइस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा ने कार्यक्रम में लोगों को किया संबोधित

जिला परिषद की वाइस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जा रहे स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,हेल्थ चैक और उज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ उठा रहे हैं।

गांव अमीरवास व मोहमद नगर मनफरा में आयोजित कार्यक्त्रम में जिला परिषद की वायस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईए उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में विकास की नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है, जिसे पूरी दुनिया देख रही है। भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी है। सुनीता जांगड़ा ने अधिकारियों के साथ स्टॉलों का अवलोकन किया और नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से ग्रामीणों व स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दें। इसी प्रकार से कार्यक्त्रमों के दौरान अधिकारियों ने भी गणमान्य लोगों व ग्रामीणों को उनके द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों में मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी दी गईए वहीं नए पीपीपी में जरूरी संशोधन तथा बिजली निगम द्वारा नए मीटर लगवाने के बारे में बताया गया। खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन कार्ड व ऑन लाइन राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीडीपीओ धर्मपाल, नोडल अधिकारी पूनम, संजय जांगड़ा,दीपक शमा, बलवान जांगड़ा, सरपंच राजबीर सिंह नेहरा, मनफरा में सरपंच राजबीर, वीरेंद्र श्योराण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ,कर्मचारी व गणमान्य नागरिक व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# योजनाओं का लाभ लेकर गांवों में पहुंची संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला के विभिन्न गांवों में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रही है। यात्रा जिस भी गावं में पहुंचती है, वहां पर जरूरतमंद पात्र लोग योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन करने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के तहत लोगों की समसस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला के विभिन्न पांच गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जहां पर जिला परिषद के चेयरमैन मनदीप डालावास, भाजपा के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र परमार, एसडीएम सुरेश कुमार व नवीन कुमार, भाजपा जिला महामंत्री राजेश बंटी, ओमबीर महराना ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मनित भी किया। इस मौके पर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक तक पहुंचाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है।



यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर द्वार पर ही मिल रहा है।

## ईशरवाल व मंढान में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, क्षेत्रवाद पर लगा अंकुश

**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को क्षेत्र के गांव ईशरवाल व मंढान में पंहुची। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून.व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि आज परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ पात्र लोगों को घर द्वार पर ही मिल रहा है। अब गरीब का हक कोई छीन नहीं सकता। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पत्रों को देने के लिए संकल्प यात्रा गांव.गांव पहुंच रही है।

## बेसहारा और असहाय व्यक्तियों को रैन बसेरों में पहुंचाने में मदद करें आमजनः उपायुक्त

**भिवानी।** बेसहारा और असहाय लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाव को लेकर प्रशासन द्वारा जिला के शहरी इलाके में अस्थाई रैन बसेरे स्थापित किए हैं। डीसी नरेश नरवाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई बेसहारा या असहाय व्यक्ति रात के समय सर्दी में खुले आसमान के नीचे दिखाई दे तो उसे शहरी क्षेत्र में बनाए गए रैन बसेरों तक पहुंचाने में मदद करें ताकि वे ठंड के प्रकोप से बच सकें। प्रशासन असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयासरत है। सर्दी होने के साथ ही जिला प्रशासन ने असहाय लोगों के आसरे के लिए रैन बसेरे स्थापित किए हैं। उपायुक्त नरवाल के निर्देशानुसार भिवानी शहर में बस स्टैंड, नप कार्यालय के नजदीक रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा बनाया गया है। तोशाम उपमंडल में पंचायत घर तोशाम में रैन बसेरा बनाया गया है। बवानीखेड़ा में वार्ड नंबर पांच नजदीक बस स्टैंड बवानीखेड़ा में रैन बसेरा बनाया गया है। उपमंडल लोहारू में नपा कार्यालय लोहारू के पास स्थित जलतंरग में रैन बसेरा बनाया गया है।

■ प्रशासन द्वारा जिला में शहरी क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं रैन बसेरे

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की व्यक्तिगत ऋण योजना:अतिरिक्त उपायुक्त

**भिवानी।** सरकार ने हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है। योजना के तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। ऋण से महिलाएं स्वयं का कार्य शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा महिलाओं को सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि के मार्गदर्शन में इस योजना के तहत जिला भिवानी के लिए 2023.2024 में 84 केसों का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति की महिलाओं को 25 हजार रुपए तथा अन्य श्रेणी की महिलाओं को अधिकतम 10 हजार रुपए ब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाएं सिलाई कार्य, बुनाई कार्य, कॉस्मेटिक की दुकान, पशुपालन, परचून की दुकान, मनयारी की दुकान आदि कार्य शुरू कर सकती हैं।

■ योजना के तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था

## कंवर साहेब महाराज ने सत्संग से किया साध संगत को निहाल

# कुल मालिक का स्मरण कर नववर्ष में करें प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कोई भी काम करने से पहले हम अपने इष्ट को मनाते हैं और पूजते हैं क्योंकि किसी भी मार्ग पर चलने के लिए परमात्मा की रजा अति आवश्यक है। आज जब हम नए वर्ष की शुरुवात कर रहे हैं तो हमें भी उस कुल मालिक को स्मरण करके ही नव वर्ष में प्रवेश करना चाहिए। सत्संग सत्पुरुष का संग है।

सत्संग परमात्मा के गुणों का गुणगान है इसलिए सत्संग से ही नववर्ष की शुरुआत करना सबसे मंगलकारी है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने नववर्ष के अवसर पर आयोजित सत्संग में लाखो की संख्या में उपस्थित साध संगत के समक्ष फरमाये। हुजूर महाराज ने समस्त मानवता को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए फरमाया कि नववर्ष का पहला दिन चिंतन और मनन करने का सुअवसर है। विचार विमर्श करो कि आपने बिगत वर्ष में कितनी तरक्की की। तरक्की आर्थिक क्षेत्र की नहीं अपितु सामाजिक और आध्यात्मिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे व्यापारी साल के अंत में अपनी लाभ हानि सुख दुख का लेखा झोखा रखते हैं। पुराने से सबक लेते हुए आने वाले साल की योजनाएं बनाता है। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि इंसान काल और माया के जाल में उलझ कर हर समय आशंकित रहता है और इस आशंका के निर्मूल का एकमात्र साधन सत्संग है।अपना समय निकालो ताकि आपको सच्ची शांति मिले। उन्होंने कहा कि कर्मां का परिणाम अवश्य मिलता है।



पगड़ी रस्म



स्व. श्री रामकुमार बंसल जी

आपको बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी

श्री रामकुमार बंसल जी

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 22 दिसंबर 2023, शुक्रवार को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए

श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म

दिनांक 2 जनवरी 2024, दिन मंगलवार को सायं 4:00 बजे सम्पन्न होगी।

प्रसादः दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक

स्थान: A-404, रियल हैवन अपार्टमेंट, बचपन स्कूल के पीछे, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) मो नं: 9424144236, 9302235101

शोकाकुल

महावीर प्रसाद, सुरेंद्र, पवन (भाई) प्रवीण, संदीप, संजय (पुत्र)
प्रखर, अनमोल, मयंक, वैभव, दिव्यांश (पौत्र)
स्नेहा (पौत्री) आयांश (प्रपौत्र) एवं समस्त बंसल परिवार

हरिभूमि
# सहेली
नूतन वर्ष 2024



हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

# नूतन वर्षः नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-

### मन से बनें मजबूत


नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।

### हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम



रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी



उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।

### सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

### बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

### अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से उस लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करें, तभी सफलता मिलेगी।

### अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

# नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगेः** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगेः** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा

सलाह / सरस्वती रमेश

# अपने रिश्तों को सहेजें

आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवनः** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से



जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में अपने रिश्तों में नई ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।

**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है। किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। वास्तव में रिश्ते में हर स्थिति में संबल देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और उन्हें गहराने का भी जरूर लें।

मेकओवर-2024

पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

# इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले अपकमिंग ट्रेंड्स के बारे में।






### स्किन केयर

इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

### मेकअप ट्रेंड

अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक



ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

### हेयर स्टाइल ट्रेंड

इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

हेल्थ एडवाइस/ डॉ. रिचा दीवान

सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।

# तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशनः** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।

**रेग्युलर मेडिटेशनः** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**फिक्स स्लीप टाइमः** इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

**खबर संक्षेप**

### डा. गुप्ता को समस्याओं से करवाया अवगत

**बाढ़ड़ा।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इसके अलावा आप पदाधिकारियों ने पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा से भी मुलाकात की। बता दे कि राकेश चांदवास की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारी सत्यवीर जेवली, उमेश गोपालवास, दर्शन सेठ बेरला आदि दिल्ली पहुंचे।

### हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रवेशिका कैंप संपन्न

**बवानीखेड़ा।** बड़सी के सनराइज स्कूल में चल रहे हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तीन दिवसीय प्रवेशिका कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में जिला प्रशिक्षक नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की क्लिपिंग प्राथमिक चिकित्सा ध्वज गीत ध्वजारोहण खड़ा होना चलने परेड हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के इतिहास के बारे में विद्यार्थियों को बहुत अच्छी प्रकार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में लगभग स्कूल के बहुत से विद्यार्थियों ने भाग लिया। रविवार को फ्लैग मार्च करते हुए कैंप का समापन हुआ।

### डाइवरों के समर्थन में उतरे कांग्रेस इंटक कार्यकर्ता

**बाढ़ड़ा।** नए कानून हिट एंड रन के खिलाफ राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गांव खोरड़ा स्थित इंटक कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए इंटक के जिला प्रधान राम अवतार खोरड़ा ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।



### मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी की ओर से सोमवार 1 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि चिरायु योजना हरियाणा के लाभ के लिए मिड-डे मील कुक कम हेल्पर से 1500 रुपये लेने के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया।



### आपसी संबंध टूटने का मूल कारण अनावश्यक संस्कार

**भिवानी।** दिव्य संस्कार से ही स्वर्णिम संसार बनेगा, मेडिटेशन राजयोग के नियमित अभ्यास से हम पुराने कड़े व अनावश्यक संस्कारों का परिवर्तन कर दिव्य एवं श्रेष्ठ संस्कार बना सकते हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज हमारे आपसी संबंध टूटने का मूल कारण हमारे अपने कड़े व अनावश्यक संस्कार है।

### सेहत के लिए फायदेमंद मोटा अनाजः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** सभी नागरिक मोटे अनाज को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में डाइट में शामिल करें। मिलेट्स यानी मोटा अनाज सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। भोजन में मोटे अनाज का अपना अलग महत्व है। बाजरा, कैल्शियम से भरा होता है, ज्वार में पोटेशियम और फास्फोरस होता है, और कंगनी में फाइबर होता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने इस बारे में जानकारी दी।

## सुशील जोशी फाउंडेशन ने कराया शीतला माता मंदिर का सुधार

# हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार की उठाई जिम्मेदारी



**लोहारू।** टीबेवाला हनुमान मंदिर में मौजूद गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### पौराणिक टिब्बे वाले पंचमुखी हनुमान मंदिर के दिन फिरने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साथ लगते पौराणिक टिब्बे वाले पंचमुखी हनुमान मंदिर के दिन अब फिरने लगे हैं। सुशील जोशी फाउंडेशन सहित कई सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंदिर के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाया है और मंदिर परिसर में सुधार कार्य शुरू करवाए दिए हैं। वहीं मंदिर के साथ लगते शीतला माता मंदिर का सुशील जोशी फाउंडेशन ने सुधार करवाकर उसे नया रूप प्रदान किया है। जिसके लिए मंदिर कमेटी सदस्यों,मोहल्ला वासियों सहित अनेक गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

बता दें कि टिब्बेवाला पंचमुखी हनुमान मंदिर करीब पांच दशकों से भी अधिक पुराना बताया जाता है तथा इसी मंदिर के साथ शीतला माता मंदिर भी वर्षोंर् पुराना है। शहर के लोगों की आस्था का केंद्र रहा यह मंदिर उचित रखरखाव के अभाव में जीर्णशीर्ण होने लगा था। यहीं नही साथ लगते माता शीतला के छोटे मंदिर में मवेशियों का जमावड़ा रहता था। सुशील जोशी फाउंडेशन के डॉ. अनिल जोशी की माता धन्नी देवी ने माता शीतला के मंदिर के सुधार करवाकर उसे बेहतर आकार दिया है। यहीं नही पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में भी जीर्णशीर्ण हो चुके कमरे व दीवारों को ढहाकर उसे नया रूप दिया जा रहा है। वहीं मंदिर के आंगन का पक्का किया जा रहा है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के जीणारेृद्धार के संयोजक जगदीश जायलवाल और डॉ अनिल जोशी ने बताया कि इस मंदिर के जीणारेृद्धार हेतु काफी सामाजिक लोग आगे आ रहे है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति विराजमान होने के उपलक्ष्य में इस मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जगदीश जायलवाल, डॉ. अनिल जोशी, शायर सिंह शेखावत, प्रदीप नांगल,सुनील सैनी, अशोक सैनी,राजेश शेखावत,सोनू सैन सहित मोहल्ले के अनेक लोग मौजूद थे, जिन्होंने कार्य की सराहना की है।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आगाज

- भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते की प्रेरणा देती है कथा : ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

नववर्ष के उपलक्ष्य में गांव जाटु लोहारी में चौहान पाना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में ग्रामीणों द्वारा नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। कथा की शुरूआत सोमवार को कलश यात्रा से हुई। इस दौरान 131 महिलाओं द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाली। नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक ओमप्रकाश महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा की महिमा बताएंगे। प्रदीप तंवर व कांग्रेस नेता अधिवक्ता दीपेश सारसर ने कहा कि व्यक्ति के लिए भोजन के साथ-साथ संस्कार एवं संस्कृति का समावेश होना भी बहुत जरूरी है और ये तभी हो सकता है जब बचपन से ही संस्कृति का सम्मान करना सिखाया जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से सामाजिक संस्कार उत्पन्न होते है, युवा पीढ़ी को हिंदु संस्कृति से अवगत करवाने के लिए समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम होने जरूरी हैं। इस मौके पर करणसिंह तंवर, कृष्ण तंवर, नरेंद्र तंवर, एडवोकेट विनोद, सुलेख तंवर, राकेश तंवर, करतार शर्मा, जोगेंद्र भगत, सुशील सेठ, नरेश सेठ, कलुवा तंवर, रामनिवाश सारसर, सुंदर आदि मौजूद रहे।

## रामबाग की सड़क के नवनिर्माण के लिए 2.92 करोड़ रुपये मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

पिछले काफी समय से जर्जर हाल पड़ी दादरी के गामड़ी क्षेत्र से नेशनल हाईवे 334बी तक जाने वाली सड़क की जल्द ही कायापलट होने वाली है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गत जून माह में दादरी शहर के दौरे के दौरान लोगों की मांग के नवनिर्माण की घोषणा की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने इस सड़क को 24 मीटर की की चौड़ाई के साथ नवनिर्माण के कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है।

उम्मीद लगाई जा रही है कि सभी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। दादरी के गामड़ी क्षेत्र से नेशनल हाईवे 334बी तक जाने वाली सड़क की हालत पिछले लंबे समय से खस्ता है। सड़क से पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध न होने के कारण दूषित जलभराव की समस्या भी बनी रहती है। पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने बताया कि बीती 21 जून को दादरी के दौरे पर आए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष यहां के लोगों ने ये समस्या रखते हुए इसके समाधान की मांग की थी, जिस पर उपमुख्यमंत्री चौटाला ने इस सड़क का नवनिर्माण करवाने की घोषणा की थी। अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने 2.92 करोड़ का बजट स्वीकृत किए हैं।

### कैंप में वालंटियर को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के रामा संस्कृति वमावि बवानी खेड़ा में सात दिवसीय विशेष कैम्प के चौथे दिन प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के मार्गदर्शन में की। आयुष विभाग से योग आचार्य गजानंद कौशिक द्वारा योगासन के द्वारा की गई। द्वितीय सत्र में मुख्यातिथि जिला बाल संरक्षण इकाई से राजकुमार कोठारी लीगल.कम.प्रोबेशन ऑफिसर भिवानी रहे। उन्होंने वालंटियर को खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। गुड टच व बेड टच, बाल यौन शोषण क्या है ऐसा होने पर कहाँ रिपोर्ट करें। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी वालंटियर को जानकारी दी। छात्रों ने नशा मुक्त भारत पर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया व विभिन्न पोस्टर बनाए।

## रक्त की एक बूंद जरूरतमंद को नया जीवन देती : भीष्म

- स्वर्गीय ऋषि प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

केशव लोक सेवा न्यास भिवानी एवं षि प्रकाश शर्मा सेवा ट्रस्ट भिवानी द्वारा पशुधन विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ऋषि प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर बजरंगबली कॉलोनी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में एक रक्त दान शिविर आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ. रवि भीष्म की अध्यक्षता एवं हनुमान जोहडी मन्दिर के महंत चरण दास का सानिध्य रहा।

उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला अफजाई की । रक्त दाताओं एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ. रवि भीष्म ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। रक्तदान अनेक बीमारियों से बचाता है। उन्होंने बताया कि गलत भ्रांतियों एवं जागरूकता के अभाव में लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है।

## 'भाजपा ने प्रलोभन देकर सत्ता हथियाई'

- हसमुख चौधरी व भिवानी जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह ने कांग्रेस महिला सम्मेलन में महिलाओं को भाजपा की कुनीतियां बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी व भिवानी जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह को अभिनंदन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हनुमान ढाणी में सोमवार को कांग्रेस द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी व भिवानी जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह पहुंचे तथा उन्होंने महिलाओं को भाजपा सरकार की कुनीतियों से अवगत करवाया।

सम्मेलन का आयोजक गुड्डी देवी एवं अध्यक्षता प्रेमवती गोयत ने की। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए हसमुख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम आदमी की चिंता करती है, लेकिन भाजपा ने प्रलोभन देकर सत्ता हथियाई है, लोगों के साथ झूठे वादे किए हैं।

इस मौके पर जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह ने कहा कि आज आम वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुलिया ने दावा किया कि वर्ष 2024 में प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी तथा कांग्रेस की सरकार बनते ही सिलेंडर 500 रुपये कर गृहणियों को महंगाई से राहत दिलवाई जाएगी।

## महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति होना होगा जागरूकः सविता



**भिवानी।** खुशी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नववर्ष पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से ट्रस्ट की अध्यक्ष सविता मान ने महिलाओं को गर्मवस्त्र व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सविता मान ने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि आज के युग में महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकालकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं जागरूक होंगी तभी हमारा देश विकसित देश होगा, उन्होंने महिलाओं को बढ़ती ठंड से बचने व स्वास्थ्य का ध्यान रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खुशी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के सम्मान में व सामाजिक कार्यक्रमों में समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, जल सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उच्च शिक्षा व नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ट्रस्ट अध्यक्ष सविता मान ने महिलाओं को समय-समय पर जरूरतमंद की मदद करने तथा मिलजुल कर रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सुनीता, नीशा, करूणा, सुशीला, रेनू, सीमा, मनीषा, सुदेश, सोनिया, नीलम, पूनम, मोहिनी, शीली, कमलेश, सरोज, अन्नू, गीता, मधु, बिमला, संतोष, मीना, शर्मिला व मंजू आदि उपस्थित रही।

## लाइन शिफ्ट न होने से निर्माण में अड़चन

- रेल अंडर पास महापंचायत की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** रेल अंडरपास महापंचायत की नई कार्यकारिणी। फोटो : हरिभूमि

रेल अंडरपास महापंचायत श्रीजीतूवाला की बैठक दिनोद रोड स्थित स्कूल में संपन्न हुई। महापंचायत की अध्यक्षता संयोजक रोहताश वर्मा ने की। इस दौरान सर्वप्रथम गत माह नवनिर्वाचित महापंचायत कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई,जिनमें संरक्षक रोहतास सिंह, प्रधान दिनेशलाल पहलवान, वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत सिंह व राजेंद्र सिंह, उपप्रधान पार्षद शिवकुमार व कुलदीप सिंह, जनरल सेक्रेटरी मास्टर सतबीर सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश, सहसचिव रामसिंह व अशोक आदि शामिल रहे। ये जानकारी संयोजक रोहतास वर्मा एवं मीडिया प्रभारी शिवकुमार गोठवाल ने दी।

प्रधान लाला पहलवान ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा सीवर लाइन शिफ्ट करने का काम नहीं करने से पूरे क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था बंद हो गई है, जिसके चलते जगह-जगह गंदा पानी सड़क पर बह रहा है तथा लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। सीवर लाइन एवं पानी की सप्लाई लाइन शिफ्ट न होने से निमार्णाधीन ओवरब्रिज निर्माण कार्य में बाधा बनी हुई है। इसके अलावा दो माह पहले दिनोद रोड पर गड्ढा खोदा था, जिसकी वजह से राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### श्रीश्याम जागरण में बही भजनों की गंगा

**भिवानी।** छोटी कांशी के नाम से विख्यात भिवानी के लोग धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में बढ़-चढ़कर रूचि लेते है, जिसके चलते समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। इसी कड़ी में कृपा सांवरे की परिवार द्वारा दादरी गेट हाऊसिंग बोर्ड स्थित राजश्री बैंक्वेट हॉल में श्रीश्याम बाबा का जागरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इस दौरान अलवर से गौरव दत्त, छोटी कांशी भिवानी से निखिल अग्रवाल व दिल्ली से प्रेरणा मित्तल ने श्रीश्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व झांकी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण में बड़ी संख्या में खाटू श्रीश्याम भक्तगण शामिल रहे।

## बीके स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक आनंद शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के पहलुओं को समझाते हुए बताया कि हमारे वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें पहला कदम स्वयं रखना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय भावना के साथ.साथ नैतिक शिक्षा, परीक्षा पर चर्चा की विस्तृत जानकारी दी। इसी के साथ उन्होंने मेरा भारत पोर्टल पर स्वयं सेवकों को पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। कैंप के प्रथम दिवस स्वयं सेवकों को स्वच्छता अभियान से जुड़े तथ्यों से अवगत कराया। विद्यालय एनएसएस प्रभारी अमित कुमार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के पहलुओं को समझाते हुए बताया कि साफ सफाई न केवल निजी जीवन का आधार होना चाहिए, अपितु आस.पास व समाज में भी हमें स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। जिस प्रकार किसी भी देश को समृद्ध बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक होता है, उसी प्रकार हमें स्वच्छ भारत बनाने के उद्देश्य को एकजुट होकर पूर्ण करना होगा।

### भिवानी बार क्लब व दादरी बार एसो. के बीच टी-20 क्रिकेट मैच

# भिवानी बार क्लब ने दादरी बार एसो. को हराया

- दादरी बार ने 137 रनों का दिया लक्ष्य, भिवानी बार ने 18वें ओवर में मैच जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** बार कल्ब की विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

जी लिट्रा वैली स्कूल खेल मैदान में सोमवार को भिवानी बार क्लब व दादरी बार एसोसिएशन के बीच टी-20 क्रिकेट मैच खेला गया। भिवानी बार की तरफ से एएसपी लागेश एवं दादरी बार की तरफ से एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रामअवतार पारिख ने भाग लिया। भिवानी बार क्लब के कप्तान मुकेश गुलिया ने बताया कि भिवानी बार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

इसके बाद भिवानी की टीम के तेज गेंदबाज रवि शर्मा ने छठे ओवर में लगातार तीन विकेट लेकर हैट्रिक बनाते हुए दादरी बार एसोसिएशन को बैक फुट पर ला दिया। इसके बाद दादरी बार की टीम ने वापसी कर 50 रनों की साझेदारी की, जिसके बाद भिवानी बार की टीम की तरफ से एएसपी लोगेश ने शानदार गेंदबाजी करके दो विकेट चटकाए। अजय शर्मा ने भी अच्छी गेंदबाजी की। दादरी बार एसोसिएशन 20 ओवरों में 137 रनों पर सिमट गई। कप्तान गुलिया ने बताया लक्ष्य का पीछा करते हुए भिवानी बार क्लब की टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं रही तथा 22 रनों पर तीन विकेट का खो दिए। इसके बाद एएसपी लोगेश ने कमान संभालते हुए रनों को गति दी और अर्धशतक लगा अंत तक नाबाद रहे। टीम के उपकप्तान रजनीश तिवारी ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी कर उनका साथ देकर टीम को जीत दिलाई। मैच में भिवानी बार की टीम ने 18वें ओवर में ही जीत हासिल की। इस दौरान मैन ऑफ द मैच एएसपी लोगेश रहे। अंत में जिला बार एसोसिएशन के चौथी बार प्रधान बने सत्यजीत पिलानिया एवं दादरी बार प्रधान नसीब राणा को रामअवतार पारिख एवं एएसपी लोगेश ने समृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर अधिवक्ता हरेंद्र भालोठिया, हुकम तंवर, सुरेंद्र सांगवान, विकास चाहर, अनिल चाहर, मोहित, जैन साहब आदि मौजूद रहे।

## पहले मैच में तोशाम सी टीम ने डाडम टीम को 17 रनों से हराया



**तोशाम।** चौधरी सुरेन्द्र सिंह खेल परिसर में शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम द्वारा सोमवार को क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु करवाई, जिसमें बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए शिक्षाविद एवं समाजसेविका डॉ. सुनीता जनावा भेरा ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. सुनीता जनावा ने कहा कि खेल युवाओं को सहयोग, समर्पण, अनुशासन व मैत्री भाव का संदेश देते हैं। खेलों से समूह में कार्य करने की भावना विकसित होती है, जो व्यक्ति के जीवन पर्यंत काम आती है। क्लब के प्रधान संदीप पंघाल ने बताया कि सोमवार को पहला मैच तोशाम सी व डाडम के बीच खेला गया, जिसमें तोशाम सी की टीम ने 65 रन बनाए, जिसके जवाब में 65 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गांव डाडम की टीम तोशाम सी की टीम की गेंदबाजी के सामने डट नहीं सकी। और डाडम टीम मात्र 48 रन बनाकर आऊट हो गई, जिससे तोशाम सी की टीम मैच में 17 रनों से विजय रही। इस अवसर पर उपप्रधान सोनू नयागांव, कुलदीप पटौदी, नरेंद्र नंदा पंघाल, नवीन श्योराण, सुशील तोशाम, राकेश बंजारा, मनदीप दलाल, लखन नाफरीया, पुनीत महता, राहुल बाल्मीकि, अमित पंघाल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### कवियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक शाम पर्यावरण के नाम नामक पहला कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण कार्यकर्ता लोकेश भिवानी और युवा कवि पंकजोम प्रेम की अगुवाई में हुआ। शायर कृष्ण गौतन मंजर, विजेंद्र गाफिल, पंकजोम प्रेम, डॉ. वीएम बेचैन, जयसिंह जीत ने पर्यावरण के मुद्दों पर अपनी कविताएं सुनाईं।

### प्रयास संगठन ने करवाया कार्यक्रम

**लोहारू।** प्रयास संगठन ने अपने सामाजिक कार्यों को आयाम देते हुए नव वर्ष को नए अंदाज में स्वागत किया। प्रयास संगठन ने नव वर्ष की संध्या पर जहां खुशियों की दीवार कार्यक्रम का समापन किया वहीं रिश्तों की गर्माहट और रिश्तों में मिठास कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित किए और बच्चों को चाकलेट बांटी।

### बिजली घर के प्रांगण में सेफ्टी डे मनाया गया

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल कार्यालय में सोमवार सुबह सेफ्टी दिवस मनाया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेकों बिजली कर्मियों व अधिकारियों ने हिस्सा लिया। वहीं इस कार्यक्रम में कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा के लिए जानकारी दी गई।

### सारसर ने जनसंदेश यात्रा के लिए चलाया अभियान

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के होनहार सपूत एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेश सारसर ने कांग्रेस की जनसंदेश रथ यात्रा के लिए अभियान चलाया। दीपेश सारसर का यह अभियान रोहनात पहुंचा और उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2024 से कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में जनसंदेश यात्रा निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया ।

### कर्मचारियों की मेहनत से संस्था बुलन्दियां छूतीः गुप्ता

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि किसी भी संस्था का उत्कर्ष संस्था में कार्यरत कर्मचारियों पर ही निर्भर करता है। उनकी अथक मेहनत व सेवाभाव से ही संस्था बुलन्दियों को छूती है और यह कॉलेज का परम सौभाग्य रहा है कि उन्हे कर्मठ, ईमानदार व समर्पित स्टाफ मिला है।

## कुम्हारान गली के लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर

# दूषित पेयजल की आपूर्ति के विरोध में क्षेत्रवासियों ने किया प्रदर्शन

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से की स्वच्छ पानी आपूर्ति बहाली की मांग, जल्द समाधान नहीं हुआ तो करेंगे अधिकारियों के कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। गंदे पानी की आपूर्ति के विरोध में प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी।



जनसंगठन एवं प्रबुद्ध नागरिक मंच के नेतृत्व में लोहड़ बाजार के कुम्हारान गली में बदबूदार एवं गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर महिलाओं ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पूर्ण रवैये के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए मंच के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि एक तरफ लोग नये वर्ष का जश्न मना रहे हैं, वहीं कुम्हारान गली के लोग बाजार से पैसे लगाकर पानी पीने पर मजबूर हैं, उनकी गली में बदबूदार झागवाला पानी आ रहा है, जो नहाने धोने के लायक भी नहीं। सामाजिक कार्यकर्ता रवि खन्ना ने बताया कि वे संबंधित विभाग को फोन करके लिखित में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन पीड़ित नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व विभाग की लापरवाही के कारण गली के लोगों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा हैं। मंच के प्रतिनिधियों ने संबन्धित विभाग के आला अधिकारियों को आगाह किया कि शीघ्र गंदे पानी की आपूर्ति बंद कर स्वच्छ पानी आपूर्ति बहाल करें, अन्यथा अधिकारियों के कार्यालय में पहुंचकर घेराव करने किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन व नगर परिषद को भी आगाह किया कि वे जनसमस्याओं की सूध लें। प्रदर्शन में किसान नेता प्रताप सिंह सिंहमार, सन्तोष प्रजापति, विद्यावती, सुदेश खन्ना, राजा, कलावती, सुनिता, सन्तोष जलन्धरा, निर्मल जलन्धरा, पुष्पा अग्रवाल, अन्नु अग्रवाल, मूर्ति, बबली शर्मा व प्रणव खन्ना शामिल थे।

### सड़क पर जमा सीवरेज के गंदे पानी से सेक्टरवासी परेशान

**भिवानी।** भाजपा सरकार लोगों को जनसुविधाएं देने के बड़े बड़े दावे करती है, वहीं सेक्टर-13 व 23 वासियों को सीवर के ओवरफ्लो की समस्यां का सामना करना पड़ रहा है। एमपीएच से निकलने वाला गंदा एवं बदबूदार पानी पंप के जरिये हरी पट्टी में छोड़ा जा रहा है, जो सेक्टर-13 व 23 के बीच है। इसके ठीक सामने वरिष्ठ नागरिक क्लब है, जहां पर बड़ी संख्या में वृद्धजन बैठते हैं तथा हरी पट्टी के दोनों ओर मकान बने हुए हैं। एमपीएच से निकलने वाले गंदे पानी से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसको दी भिवानी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रामकिशन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने शहर के आला अधिकारियों व सरकार के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रोष जताया। शर्मा ने बताया कि कुछ माह पहले ही यहां करोड़ो रुपये लगाकर सीवर लाइन ठीक की गई थी, लेकिन अब ये दोबारा से खराब हो गई। उन्होंने उक्त मुद्दे को कष्ट निवारण समिति में भी रखा था, जहां केवल आश्वासन ही मिला था। सेक्टरवासी रामकिशन शर्मा के नेतृत्व में संपदा अधिकारी के कार्यालय में उनसे मिले व ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समस्या के निवारण की मांग की, जिस पर संपदा अधिकारी ने उनके मांग पत्र को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया। इस अवसर पर डॉ. फूलसिंह, रामधन जांगड़ा, ओमप्रकाश दिनोद, ताराचंद पीटीआई, यशपाल, कुलदीप यादव, डॉ. सतबीर, रमेश जैन, राकेश, सुरेश, कर्नल परमार, रमेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# झुका विभाग, बातचीत के लिए भेजा निमंत्रण

- आज बातचीत के लिए यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

15 सूत्रीय मांगों को पूरा करवाने को लेकर 10 जनवरी को शिक्षा विभाग के निदेशक कार्यालय के घेराव के अल्टीमेटम के बाद शिक्षा विभाग के तेवर नरम पड़ गए है। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने यूनियन को पत्र भेजकर दो जनवरी को बातचीत करने का न्यौता भेजा है।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बातचीत में कर्मचारियों की समस्या का समाधान होगा या नहीं,लेकिन फिलहाल तो कर्मचारी नेता विभाग के बातचीत के न्यौते को पॉजीटिव रूख मानकर चल रहे है। उल्लेखनीय है कि 28 दिसम्बर को शिक्षा विभाग के लिपिक संगठन हेमसा ने मांगों को लेकर निदेशक कार्यालय का दस जनवरी को घेराव करने का अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारी नेताओं ने पंचकूला पहुंचकर मांगों को लेकर यह अल्टीमेटम दिया था। उसी मांग पत्र संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने उक्त नेताओं को पत्र भेजकर दो जनवरी को पंचकूला में बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। ताकि बातचीत के जरिए कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जा सके।



### जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किए

**भिवानी।** सोमवार को नए वर्ष के आगमन पर पीसीसी डेलीगेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमजीत सिंह मड्डू ने देवनगर बाईपास इलाके व ढाणा रोड क्षेत्र में पहुंचकर पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किए। साथ ही नव वर्ष के आगमन पर उनका मुंह मीठा भी करवाया। इस दौरान पीसीसी डेलीगेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। हर व्यक्ति व सामाजिक संस्थाओं को इस तरह के पुण्य के कार्य में आगे आने आना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों की इस तरह की जरूरत पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भी जरूरत मंदों की मदद के लिए आए दिन अभियान चलाकर उनकी मदद करती है। कोरोना काल में भी पूर्व सांसद ने अभियान चलाकर लोगों की मदद की थी। इस मौके पर उनके साथ जयबीर, ज्योति, अतूल नागर, कुलदीप कांगड़ा,अशोक ढोला, प्रदीप शर्मा, शैली जेलदार आदि मौजूद थे।

### रविंद्र बने धानक जनकल्याण मंच के जिला प्रधान

**भिवानी।** नववर्ष पर धानक जनकल्याण मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की गठन किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने बताया कि पूर्व बीडीसी हुकम सिंह, पूर्व सरपंच रामानंद, पूर्व सरपंच अतर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित खोरड़ा, जेपी खनगवाल, कुलदीप ढाणीमाहू, राहुल नंदा को प्रदेश महासचिव, मानसिंह कायस्थ, पवन सोलंकी, महेंद्र खुंडिया, विकास डाबला को प्रदेश संगठन सचिव, जगन्नाथ बडेसरा, वजीर सिंह जताई, दरियाव सिंह पंच, रमेश पंच, राजवीर नागर जताई, सोमबीर माहुर को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। रविंद्र खरकिया को भिवानी, अरूण खुंडिया को हिसार, जयभगवान चिमनी को झज्जर की जिम्मेदारी मिली।



### विद्यार्थियों को दिलवाई नशामुक्ति की शपथ

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माधव सभागार में एनएसएस प्रभारी कविता तंवर के निर्देशन में सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिवस पर नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्यतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी जवाहर मिताथलिया ने शिरकत की। विद्यालय प्रशासन दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, काउंसलर मोहिनी मेहता, विभाग प्रमुख एलेक्जेंडर दास व राजेंद्र नरूला ने मुख्यतिथि को पौधा भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया। मां सरस्वती की वंदना व द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र हर्षित व रिया ने मंच का कुशलतापूर्वक संचालन किया। रिया ने बताया कि नशा मुक्ति का अर्थ समाज व व्यक्ति को नशीले पदार्थों और बुरी लतों से मुक्त करना है। हर्षित ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल भारत में नशीली दवाइयां और पदार्थों के सेवन को रोकना है तथा हर नागरिक को एकजुट कर नशे के खिलाफ जागरूक करना भी है। मुस्कान ने अपने वक्तव्य से नशा मुक्ति का संदेश दिया। यीशु ने एक गीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।

# 30 लिपिकों को मिली पदोन्नति

- पदोन्नति मिलने उपरांत प्रधान मनीष का अभिनंदन करने पहुंचे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। सर्व राजकीय महाविद्यालय मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान मनीष घनघस व अन्य पदाधिकारियों का अभिनंदन करते कर्मचारी।

प्रदेशभर के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में लिपिक के पद पर कार्यरत 30 कर्मचारियों को निदेशालय उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा बीते दिनों पदोन्नत किया गया था। पदोन्नति होने के उपरांत प्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी भिवानी पहुंचे तथा उन्होंने सर्व राजकीय महाविद्यालय मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान मनीष घनघस, सचिव सन्नी चौहान, ट्रेजर विजेंद्र पूनिया व संगठन के अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर कुलदीप ने बताया पदोन्नति का लाभ संगठन के अथक प्रयासों का नतीजा है, जिसके लिए सभी साथी संगठन का धन्यवाद करने भिवानी पहुंचे है।

सन्नी चौहान ने बताया कि लिपिक के पद पर पांच वर्ष का अनुभव पूर्ण करने वाले कर्मचारियों का पदोन्नति केस मंगवाना व समय-समय पर निदेशालय जाकर प्रक्रिया पूरी करवाने का काम संगठन ने किया। प्रधान मनीष घनघस ने पदोन्नति व नववर्ष की बधाई देते हुए बताया कि संगठन कर्मचारियों के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है व आगे भी रहेगी। मनीष ने पदोन्नति के लिए उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, एसीएस आनंद मोहन शरण, निर्देशक राजीव रत्न, अतिरिक्त निदेशक मीनाक्षीराज, उपनिदेशक धर्मपाल पूनिया, अधीक्षक जोगिंद्र, सहायक मनीषा का धन्यवाद किया।

### नालंदा स्कूल में गणित प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** खंड के गांव डालनवास स्थित नालंदा विद्या निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया इससे पूर्व इस प्रतियोगिता हेतु एक छटनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के चारों सदनों की दो.दो टीमे बनाई गई थी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भर चढ़कर भाग लिया और पूछे गए सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कुल सात राउंड रखे गए ।जिसमें गणित विषय के अनेक उपविषयों पर प्रश्न पूछे गए। बीच.बीच में श्रोताओं के लिए भी तीन राउंड रखे गए और उनसे सवाल पूछ कर सही जवाब देने वालों को चॉकलेट वितरित की गई।

### जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

**भिवानी।** एक तरफ जहां लोग अपनी झूठी शान दिखाने के चक्कर में नववर्ष पर हजारों रूपये खर्च कर देते है। वही दूसरी तरफ वूमैन हैल्पिंग सोसायटी ने नववर्ष स्लम एरिया में जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया। इस दौरान वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की अध्यक्षा सुशीला देवी व गुड्डी लांग्यान ने स्थानीय एमसी कॉलोनी व नया बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित स्लम एरिया में जरूरतमंद बच्चों को मिठाई एवं उपहार भेंट कर नववर्ष की बधाई दी। सुशीला देवी ने कहा कि नववर्ष का उद्देश्य समाज में प्यार एवं इंसानियत को बढ़ावा देना होता है। इस उद्देश्य को प्रत्येक व्यक्ति को समझना होगा। उन्होंने कहा कि खुशियों को बाटेंगे तो खुशियां ज्यादा बढ़ेगी और जरूरतमंद बच्चों व लोगों को अपनेपन का एहसास करा सकते है, ताकि उन्हें आगे बढने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चें को प्रेम एवं अपनेपन की जरूरत होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### केएम स्कूल में हवन से नव वर्ष का शुभारंभ

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में नव वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया व शारदा बासिया, कानूनी सलाहकार जितेंद्र गोयल एवं अनीता गोयल, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति के सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा,केएम पब्लिक स्कूल, केएम बीएड् कॉलेज, केएम हाई स्कूल, केएम प्राइमरी स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया ने बताया कि किसी भी काम का शुभारंभ हवन के द्वारा करना श्रेष्ठ होता है। इससे वातावरण की शुद्धि के साथ.साथ मन की भी शुद्धि होती है। इसके बाद उन्होंने प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो ।

# सोलो डांस प्रतियोगिता में कनिष्का रही द्वितीय

- प्रतियोगिताओं के आयोजन से च्चों की प्रतिभा में आता निखार : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से बीते दिनों हलवासिया विद्या विहार में डांस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में सोलो डांस में भाग लेते हुए कनिष्का वशिष्ठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्का की उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कनिष्का की उपलब्धि पर उनके पिता ललित वशिष्ठ ने खुशी जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन करवाना विद्यालय प्रशासन की अनूठी पहल है। इससे विद्यार्थियों की प्रतिभाओं में निखार आने के साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए, जिससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है।

# बीपीएस में किया नववर्ष का स्वागत

- स्कूल की निर्देशिका आशा पाहुजा व सचिव अधिवक्ता पुलकित पाहुजा ने शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नववर्ष मनाते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

बीपीएस के बच्चों ने अध्यापकों संग नववर्ष 2024 का स्वागत किया। इसमें बच्चो ने भारत के विभिन्न प्लोक नृत्यो, त्योहारों आदि को दर्शाते हुए भारत की विविधता को उजागर किया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात स्कूल की निर्देशिका आशा पाहुजा व स्कूल सचिव अधिवक्ता पुलकित पाहुजा ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका आशा पाहुजा ने बताया कि नए साल की दस्तक मन में नए उत्साह का संचार करती है। जब कैलेंडर बदलता है तो हम सभी अपने जीवन में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद करते हैं। जिन सपनों व गोल्स को हम बीते साल में पूरा नहीं कर पाए, उन्हें आने वाले समय में पूरा होने की उम्मीद रखते हैं। हम सभी नए साल पर कुछ संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर स्कूल सचिव अधिवक्ता पुलकित पाहूजा ने बताया की जब हम नए साल पर संकल्प लेते हैं तो इससे हमारे मन में एक आशावादी दृष्टिकोण विकसित होता है। दरअसलए हम किसी ना किसी रूप में खुद को बेहतर बनाने की एक पहल करते हैं और अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर करने का प्रयास करते हैं। नए साल पर लिया गया संकल्प व्यक्ति को अधिक मोटिवेट करता है।

## सावित्री बाई ने विकट परिस्थितियों में महिला शिक्षा के लिए किए अभूतपूर्व कार्य : सांसद

# शिक्षिकाओं को सम्मानित कर मनाई फूले की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शिक्षिका को सम्मानित करते सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ व महंत चरणदास महाराज।

महिला शिक्षा की अग्रदूत देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जयंती की पूर्व संध्या पर हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा महिला शिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली 41 महिला शिक्षिकाओं को शिक्षा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सांसद धर्मबीर सिंह,विशिष्ट अतिथि पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व अध्यक्षता पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने की। कार्यक्रम में महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत सावित्रीबाई फूले के चित्र पर पुष्प अर्पण करके की गई। सांसद धर्मबीर ने कहा कि सावित्रीबाई फूले के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा जगत में महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। सावित्री बाई फूले ने विकट परिस्थितियों में महिला शिक्षा के लिए अपने समय में बहुत बड़े कार्य किए। सावित्री बाई महिला शिक्षा के लिए प्रेरित करने वाली भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि सावित्रीबाई फूले भारत की अजेय नारी शक्ति की प्रतीक हैं। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि महिला जीवन का आधार है। वह व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की निर्मात्री है। इस मौके पर समाजसेवी रमेश सैनी, पीडी मित्तल, मंजू मित्तल, विजय सिंहमार, नरेश सैनी, विजय दहिया, राधेश्याम ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### ग्राहक अब जीत सकते हैं करोड़ रुपये

**चरखी दादरी ।** आम नागरिक के लिए भी जीएसटी बिल लेना फायदे का सौदा हो सकता है। ऐसे ग्राहकों को एक करोड़ रूपये तक का इनाम जीतने का मौका मिल सकता है। केंद्र सरकार की मेरा बिल मेरा अधिकार नामक योजना के तहत हर महीने निकाले जाने वाले ड्रा में भाग लेने के लिए ग्राहक को अपना जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9am to 7pm)
पताः 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।